पशुपालन निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून।

संख्या 2345/स्था०एक/च०श्रे०(आ०सो०)/2024—25 दिनांक 23 अगस्त, 2024

"सूचना"

पशुपालन विभाग, उत्तराखण्ड के अन्तर्गत गढ़वाल मण्डल के जनपद रूद्रप्रयाग, चमोली, टिहरी, हरिद्वार, पौड़ी, उत्तरकाशी, देहरादून के विभिन्न पशुचिकित्सालयों/संस्थाओं/प्रक्षेत्रों तथा कुमाऊँ मण्डल के अन्तर्गत जनपद, चम्पावत, पिथौरागढ़, बागेश्वर के विभिन्न प्रक्षेत्रों में चतुर्थ श्रेणी के रिक्त 195 पदों पर कार्मिक आउटसोर्स एजेन्सी के माध्यम से रखे जाने हैं, जिसे हेतु निर्धारित अर्हता रखने वाले इच्छुक अभ्यर्थियों का रोजगार प्रयाग पोर्टल पर पंजीकरण होना आवश्यक है :—

1. अभ्यर्थी की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता कक्षा पांचवी पास एवं पशुपालन के क्षेत्र में 03 माह का कार्य अनुभव होना चाहिए।
2. अभ्यर्थी उत्तराखण्ड का स्थानीय/मूल निवासी होना चाहिए।
3. अभ्यर्थी की आयु न्यूनतम 18 वर्ष तथा 60 वर्ष से कम होनी चाहिए।

इस कार्यालय की सूचना संख्या 2114/दिनांक 12 अगस्त, 2024 के द्वारा उक्तानुसार दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित सूचना के अनुसार सम्बन्धित पदों हेतु रोजगार प्रयाग पोर्टल पर आवेदन पत्र पर्याप्त मात्रा में प्राप्त न होने के कारण उक्त पदों पर आवेदन की अन्तिम तिथि को 31 अगस्त, 2024 तक विस्तारित की जाती है। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि जिन अभ्यर्थियों द्वारा पूर्व में आवेदन कर दिया है उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी।

इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी/आवेदन हेतु रोजगार प्रयाग पोर्टल की वेबसाइट rojgarprayag.uk.gov.in पर सम्पर्क करें।

निदेशक,
पशुपालन विभाग, उत्तराखण्ड,
देहरादून।